भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 12.02.2024

आरेडिका में सतर्कता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में "संविदा की सामान्य शर्तें -2022 (टेण्डर एवं कांट्रैक्ट एक्जीक्यूशन) विषय पर एक सतर्कता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें आरेडिका के अधिकारियों एवं अधीनस्थ पर्यवेक्षकों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। श्री राजेश अग्रवाल प्रधान मुख्य अभियंता ने कार्य टेंडर के नियमानुसार क्रियान्यवन की जानकारी दी साथ ही श्री अकमल बदूद वरिष्ठ उप-महाप्रबन्धक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी ने केस स्टडी के माध्यम से पात्रता मापदण्ड का निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रतिस्पर्धा पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर श्री पी. के. मिश्रा महाप्रबंधक के द्वारा "संविदा की सामान्य शर्तें-2022 (टेण्डर एवं कांट्रैक्ट एक्जीक्यूशन) के अनुसार टेंडर कार्य करने एवं इसका कडाई से अनुपालन का सुझाव दिया गया।

12.02.2024

(आर. एन. तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी
आरेडिका रायबरेली